20.	Whether Feasibility Study for the project is available?	Yes/No
21.	Whether Detailed Project Report (DPR) or Detailed Engineering Design for the project is available?	Yes/No
	Whether following clearances are involved in the project	
	Environment	Yes/No
22.	Coastal Regulation Zone	Yes/No
	Forest	Yes/No
	Heritage	Yes/No
	Any other (Please specify)	
	Current status of clearances mentioned in Point 22	
23.	Environment(max 100 words)	
	Coastal regulation Zone(max 100 words)	
	Forest(max 100 words)	
	Heritage(max 100 words)	
	Any other (Please specify) (max 100 words)	
24.	Whether any court or tribunal proceedings are pending that could impact the project?	Yes/No
25	Current Status of court or tribunal proceedings if pending (max 100 words)	
26.	Whether Land pooling / land acquisition / Resettlement and Rehabilitation is involved in the project?	
	Land Pooling	Yes/No
	Land Acquisition	Yes/No
	Resettlement & Rehabilitation	Yes/No
	Any Other (Please specify)	Yes/No
27.	Current Status of Land pooling/land acquisition / Resettlement and Rehabilitation involved in the project	
	Land Pooling(max 100 words)	

	Land acquisition(max 100 words)	
	Resettlement & Rehabilitation(max 100 words)	
	Any Other (Please specify) (max 100 words)	
28	Whether External Assistance has been availed in the past for similar project (i.e., earlier phase etc.)? If yes	Yes/No
	Name of the Project:	
	Project period:	
	Start Date	
	Completion Date:	
	Loan/Credit Amount (in INR crores and USD million):	

29. Details of externally aided projects (completed ongoing/pipeline/posed/under examination) since 01.04.2008 undertaken by the proposed borrowing Agency (Central line Ministry Department Central PSU/ State Government)

Name of the sector	Name of the MDB/ IFI which provided Loan assistance	Name of the Ministry/ Dept.	Name of the project	Start date	Close date		Project cost		Expenditure Incurred (in INR crores and USD million)
					Original	Revised	Original	Revised	

Annex A

Sectoral Area

1. Agriculture (including Crop Insurance) and Allied Sector (including Dairy, Fisherias, Poultry and Horticulture)
2. Disaster Management
3. Education & Skill Development
4. Energy (including Renewables)
5. Environment and Climate Change
6. Finance (includes Public Finance Management and Financial Institutions)
7. Governance (includes service delivery)
8. Health and Nutrition
9. Imigation/Water Resources (including Rural Water and Watershed)
10. Rural Development (including rural roads and rural sanitation), Livelihoods and Panchayati Raj Institutions (PRI)
11. Tourism & Culture
12. Transport and Logistics (including Airports, Ports, Railways, Inland Waterways, Metros, Bus Service, National Highways, State Highways)
13. Urban Development (including Urban roads and Urban Water/Sanitation)
14. Social Safety Net programmes/Initiatives
15. Telecom, Media, Technology and Venture Capital
16. Manufacturing, Agribusiness and Services
17. Natural Resources
18. Others (Please Specify)

Annex B

Name of MDB/IFI from which external assistance is sought

1. World Bank – IBRD
2. World Bank-IFC
3. Asian Development Bank (ADB)
4. IFAD
5. NDB
6. Others (Please specify)

Format – II

DOE's OM No. 1(2)-PF.II/03 dated 7th May, 2003

Generic structure of DPR

i. **Context/background:** This section should provide a brief description of the sector-sub-sector, the national priority, strategy and policy framework as well as a brief description of the existing situation.

ii. **Problems to be addressed:** This section should elaborate the problems to be addressed through the project/scheme at the local/regional/national level, as the case may be. Evidence regarding the nature and magnitude of the problems should be presented, supported by baseline data/surveys/ reports. Clear evidence should be available regarding the nature and magnitude of the problems to be addressed.

iii. **Project Objectives:** This section should indicate the Development Objectives proposed to be achieved, ranked in order of importance. The deliverables/output for each Development Objective should be spelt out clearly. This section should also provide a general description of the project.

iv. **Target beneficiaries:** There should be clear identification of target beneficiaries. Stakeholder analysis should be undertaken, including consultation with stakeholders at the time of project formulation. Options regarding cost sharing and beneficiary participation should be explored and incorporated in the project. Impact of the project on weaker section of society, positive or negative, should be assessed and remedial steps suggested in case of adverse impact.

v. **Project strategy:** This section should present an analysis of alternative strategies available to achieve the Development Objectives. Reasons for selecting the proposed strategy should be brought out. Involvement of NGOs should be considered. Basis for prioritization of locations should be indicated (where relevant). Options and opportunity for leveraging government funds through public-private partnership must be given priority and explored in depth.

vi. **Legal Framework:** This section should present the legal framework within which the project will be implemented and strength and weakness of the legal framework in so far as it impacts on achievement of project objectives.

vii. **Environmental Impact assessment:** Environmental impact assessment should be undertaken, wherever required and measures identified to mitigate adverse impact, if any. Issues relating to land acquisition diversion of forest land, rehabilitation and resettlement should be addressed in this section.

viii. **On-going initiatives:** This section should provide a description of ongoing initiatives and the manner in which duplication will be avoided and synergy created through the proposed project.

ix. **Technology issues:** This section should elaborate on technology choices, if any, evaluation of options, as well as the basis for choice of technology for the proposed project.

x. **Management arrangements:** Responsibility of different agencies for project management and implementation should be elaborated. The organization structure at various levels as well as monitoring and coordination arrangements should be spelt out.

xi. **Means of Finance and Project Budget:** This section should focus on means of finance, evaluation of options, project budget, cost estimates and phasing of expenditure. Options for cost sharing and cost recovery (user charges) should be considered and built into the total project cost. Infrastructure projects may be assessed on the basis of the cost of debt finance and the tenor of debt. Options for raising funds through private sector participation should also be considered and built into the project cost.

xii. **Time frame:** This section should indicate the proposed 'Zero' date for commencement and also provide a PERT/CPM chart, wherever relevant.

xiii. **Risk analysis:** This section should focus on identification and assessment of project risks and how these are proposed to be mitigated. Risk analysis could include legal/contractual risks, environmental risks, revenue risks, project management risks, regulatory risks, etc.

xiv. **Evaluation:** This section should focus on lessons learnt from evaluation of similar projects implemented in the past. Evaluation arrangements for the project, whether concurrent and mid-term or post-project should be spelt out. It may be noted that continuation of projects/schemes from one Plan period to another will not be permissible without an independent, in depth evaluation being undertaken.

xv. **Success criteria:** Success criteria to assess whether the Development Objectives have been achieved should be spelt out in measurable terms. Base-line data should be available against which success of the project will be assessed at the end of the project (Impact assessment). In this regard, it is essential that the base-line surveys be undertaken in case of large, beneficiary-oriented projects. Success criteria for each Deliverable/Output of the project should also be specified in measurable terms to assess achievement against proximate goals.

xvi. **Financial and economic analysis:** Financial and economic analysis of the project may be undertaken where the financial returns are quantifiable. This analysis would generally be required for investment and infrastructure projects, but may not always be feasible for social sector projects where the benefits cannot be easily quantified.

xvii. **Sustainability:** Issues relating to sustainability, including stakeholder commitment, operation and maintenance of assets after project completion, and other related issues should be addressed in this section.

Note: Requirement of the EFC/PIB format may also be kept in view while preparing the DPR.

OM. No. 1(2)-PF. II/03, dated 7th May, 2003

Format - III

Format of Essential components related to loan agreement

Sno.	Items	Particulars
1	**General**	
1.1	Name of Project	
1.2	Project Cost	
1.3	Financial Arrangement	
1.4	Total External Assistance	
1.5	GoMP Share	
1.6	Loan/Grant	
1.7	Project Duration	
1.8	Location of Project	
1.9	Implementing Agency	
1.10	Executive Agency	
1.11	Activities	
2	**Specific related to loan**	
2.1	Loan Currency	
2.2	Interest Rate According to Average Repayment Maturity	
2.3	Interest Type	
2.4	Front end Fee	
2.5	Commitment Charges	
2.6	Repayment Period	
2.7	Interest Rate Conversion Fee	
2.8	Currency Conversion Fee	
3.	**Comments on Suitability of Interest Rates**	
3.1	Department's opinion on the suitability of interest rate of loans in comparison to other financing options. This would involve assessing whether the rate are competitive, align with market trends and provide affordable option relative to alternative financing methods.	

Format - IV

Project Readiness Checklist for Projects aided by Multi-lateral Financing institutions (MFI)

Sl.No.	Milestones	Action points/Points to check	Agency responsible for compliance
1	Before sending a project proposal to DEA		
	Checklist for conception stage	I. The concept note identifies clearly defined components of the project activities, cost estimates and implementing agency lies), coordinating mechanism in case of multiple implementing agencies and the finance plus elements	Project submitting agency
		II. Lessons learnt from the previous projects implemented in the sector have been incorporated	Project submitting agency
		III. The project preparation milestones, in months, taking the date of posing as the zero date, have been identified	Project Submitting agency
2	Before posing the project to Multi-lateral Financing Institutions(MFI)		
		I. Project has been cleared by DEA	DEA
		II. The approvals of Planning Commission, Line Ministry arid Department of Expenditure, Budget Division, as required in the specific case, have been obtained:	Project submitting agency
3	Before Appraisal		
	PMU/PIU	I. Institutional structure for project implementation and funds flow arrangement defined and agreed with DEA and MFI	Project Implementing Agency (PIA)
		II. Designation of PMU/PIUS staff completed and core staff for the project assigned. Key project staff (project director procurement, FM, safeguard) should be identified early in the project cycle	PIA
		III. Tenure of key staff should be, to the extent possible, for three BIA years or more	PIA

Sl.No.	Milestones	Action points/Points to check		Agency responsible for compliance
	Procurement plan and actions	IV.	Procurement plan of the project detailing contract packages modes of procurement pre-requisites for awarding the contracts. approval flow chart. decision making structure and schedule for each contract be in place	PIA
		V.	Terms of reference (TOR) for all consultancy contracts including Project Management consultants. shorting of consultants/consulting firms and documents for are prepared and prequalification of contractors. approved/reviewed by MFI	
		VI.	REP for major/critical consultancies issued	
		VII.	Bidding documents for al contracts, to be awarded during first 18 months of project implementation should be prepared approved and issued.	
	R&R	viii.	Budgeting for at least 30% of land acquisition & resettlement requirements has been made Land acquisition / pre construction activities. whore relevant. have started	
		ix.	Land acquisitio and resettlement plans are ready. where relevant	
		X.	Relief & Resettlement Plan. where relevant. for the first two years of the project implementation should be finalized and confirmation that R&R activities are aligned with the Procurement Plan. be conveyed.	
		XI.	Environment Management Plan (EMP) for the first two years of project implementation has been finalized Complete IEE/EIA and secure approval of MFI.	

Sl.No.	Milestones			Action points/Points to check
4	By Appraisal of the Project			
	Institutional arrangement and HR	I.	Necessary budget/ counterpart fund provision has been made	PIA
		II.	Key policy and institutional reforms, if critical to the successful completion of the project, should be implemented prior to negotiations.	Project submitting agency
		III.	Project Implementation Plan/ Administration Manual/ Memorandum covering scope, organization and its TOR, procurement, budgeting, disbursement, reporting and auditing arrangement has been finalized.	
		IV.	Project Management consultant, if critical to the successful implementation of the project, should be in place by negotiations	
		V.	At least 50% of land acquisition if required) to be completed	
	implementation on readiness	VI.	All Statutory clearances like environmental/forest clearances, EFC/CCEA, if applicable, to be in place	
		VII.	Administrative clearances for temporary use of land in right of way taken	
		VIII.	Administrative approval for shifting of utilities taken	
		IX.	Bids for contract worth at least 30% of the project cost for the first phase) are received and award finalized prior to negotiations	
		X.	Entire PMU/PIU is in place	
		XI.	Establish (a) Financial Management System, (b) auditing arrangement and (c) system of oversight	
5.	By negotiation			
		I.	Award of contracts for consultancy services to be completed and at least 30% contracts for civil works, if applicable, to be awarded before signing of the loan	PIA
6.	Before loan effectiveness			
			Legal opinions taken	DEA/PIA

PROJECT MANAGEMENT UNIT

Finance Department, Govt. of MP, C Wing Ist Floor, Vindhyachal Bhavan, Bhopal
Phone : 0755-2551199, 2552003, FAX: 2551387, E-mail : difpho@ mp.gov.in

FORMAT-A

MONTHLY PROGRESS MONITORING FORMAT FOR ONGOING EAPs : **FINANCIAL PROGRESS** : Up to the Month of :

Project Code : (To be allotted by PMU)
Project Name :
Implementing Agency :
Administrative Department :
Agreement Number :
Project Signing Date :
Project Life From (Fin-Years): to
Project started on (date) : Scheduled to be closed on (date) :
Total project cost (Crores) : (initial) Total revised cost (if) : Loan/ Grant amount :
Funding percentage (average) : %
Funding Agency :
Description if any : (i.e. i) district covered under the project ii) brief objectives of the project, and iii) major components of the project) (use separate page)
Contact person : Phone (O): Fax (O)

S No	Activity name	Total Fund allocated	Exp. till pre-year ending	Current year fin target	Exp. till previous month	Exp. current month	Cumu. Current year exp.	Reimbt. claim No. & claimed (amt.)	Reimbt. claim date	Of which reimbt. claim received

PROJECT MANAGEMENT UNIT

Finance Department, Govt. of MP, C-Wing Ist Floor, Vindhyachal Bhavan, Bhopal
Phone : 0755-2551199, 2552003, FAX: 2551387, E-mail :difbho@ mp.gov.in

FORMAT-B

QUARTERLY MILESTONES FOR PHYSICAL AND FINANCIAL PROGRESS : Up to the month of :
FINANCIAL YEAR :

Project Code : (To be allotted by PMU)
Project Name :

	QUARTER-I		QUARTER-II		QUARTER-III		QUARTER-IV		TOTAL	
	Target	Achievement	Target	Achievement	Target	Achievement	Target	Achievement	Target	Achievement
1. Anticipated Expenditure										
2. Clearance required (if any)										
3. Recruitment of consultants										
4. Physical Targets (a) Procurement of goods (contact formalities, supply scheduled, etc.)										
(b) Civil works (contact formalities, supply scheduled, etc.)										
(c) Recruitment of personnel										
(d) Trainings										
(e) Distribution of equipments										
(f) Others (if any)										

PROJECT MANAGEMENT UNIT

Finance Department, Govt. of MP, C Wing Ist Floor, Vindhyachal Bhavan, Bhopal
Phone : 0755-2551199, 2552003, FAX: 2551387, E-mail : difbho@mp.gov.in

FORMAT-C

STATEMENT OF DISBURSEMENT CLAIMS SENT TO GOVERNMENT OF INDIA

Project Code : (To be allotted by PMU)
Project Name :

SNo.	Claim application No.	PERIOD FOR CLAIM SENT		Date on which claim sent to GOI	Amount claimed	Claimed amount received date	Amount received against claims	Remark (if any)
		From	To					

मध्यप्रदेश शासन

वित्त विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक 416 /आर-421/2013/ब-1/चार भोपाल, दिनांक 27 / 03/ 2025

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मंडल, ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष/ बजट नियंत्रण अधिकारी,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त जिलाध्यक्ष।

विषयः- पुनर्विनियोजन एवं बचतों के समर्पण के संबंध में।

-:::::-

मध्यप्रदेश कार्यपालक शासन के कार्य नियम 11 (तीन, चार व पॉच) के अंतर्गत पूर्व में जारी समस्त निर्देशों को अधिक्रमित करते हुये, उल्लेखित शर्तों के अध्यधीन आवंटनों के बचतों के समर्पण एवं पुनर्विनियोजन के अधिकारों का प्रत्यायोजन किया जाता है :-

1. <u>पूर्णतः प्रतिबंधः-</u>

1.1. "मतदेय" से "भारित" एवं "भारित" से "मतदेय" में पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा।

1.2. कोई भी पुनर्विनियोजन "पूंजी अनुभाग" से "राजस्व अनुभाग" में तथा "राजस्व अनुभाग" से "पूंजी अनुभाग" में नहीं किया जा सकेगा।

1.3. एक "मांग संख्या" से किसी अन्य "मांग संख्या" में पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा।

1.4. कोई पुनर्विनियोजन किसी ऐसी "नई सेवा" पर होने वाले व्यय की पूर्ति के लिये नहीं किया जा सकेगा, जिसके लिए विनियोग अधिनियम में प्रावधान नहीं किया गया हो। वर्तमान में नई सेवा का तात्पर्य वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक 1242/आर-601/2012/चार, भोपाल, दिनांक 30-09-2013 में दिये अनुसार है।

1.5. ऐसे समस्त शीर्ष, जिनमें 'शून्य' प्रावधान है, उनमें पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा।

2. <u>प्रशासकीय विभाग/ बजट नियंत्रण अधिकारी को प्रत्यायोजन</u>

2.1. <u>प्रशासकीय विभाग</u> -

(A) <u>राजस्व शीर्ष</u> : -

प्रशासकीय विभाग को विभिन्न योजना शीर्ष (Scheme Code) के अंतर्गत अधिकतम वार्षिक सीमा रूपये 25 करोड़ की राशि के भीतर निम्नांकित शर्तों के अध्यधीन पुनर्विनियोजन के अधिकार होंगे :-

(i) समान सेगमेंट कोड में (सेगमेंट कोड का आशय सामान्य, अनुसूचित जनजाति उपयोजना, अनुसूचित जाति उपयोजना, नाबार्ड वित्त पोषित, विदेशी सहायता वित्त पोषित, केन्द्र प्रवर्तित/केन्द्र क्षेत्रीय आदि से है, जो पृथक-पृथक सेगमेंट हैं)

(ii) उद्देश्य शीर्ष में मूल बजट अनुमान के 50 प्रतिशत की सीमा के भीतर।

बशर्ते :-

(i) जिन केन्द्र प्रवर्तित/केन्द्र क्षेत्रीय योजनाओं में भारत सरकार से राशि प्राप्त हो चुकी है एवं राज्य सरकार के अंशदान की संबंधित मद में आवश्यक राशि उपलब्ध नहीं है, तब आवश्यक राशि की सीमा तक ।

(ii) पुनर्विनियोजन के लिये विभाग में वित्तीय सलाहकार पदस्थ होने की स्थिति में वित्तीय सलाहकार का अभिमत प्राप्त किया जाये।

(B) <u>पूंजीगत शीर्ष</u> : -

प्रशासकीय विभाग को विभिन्न योजना शीर्ष (Scheme Code) के अंतर्गत केवल उद्देश्य शीर्ष 64-वृहद निर्माण कार्य में निम्नांकित सीमाओं के अध्यधीन पुनर्विनियोजन के अधिकार होंगे :-

(i) समान सेगमेंट कोड में (सेगमेंट कोड का आशय सामान्य, अनुसूचित जनजाति उपयोजना, अनुसूचित जाति उपयोजना, नाबार्ड वित्त पोषित, विदेशी सहायता वित्त पोषित, केन्द्र प्रवर्तित/केन्द्र क्षेत्रीय आदि से है, जो पृथक-पृथक सेगमेंट हैं)

(ii) ऐसे विभाग, जिनमें उद्देश्य शीर्ष 64-वृहद निर्माण कार्य में कुल पूंजीगत बजट प्रावधान रूपये 1000 करोड से अधिक हो, उनमें बजट प्रावधान का 10 प्रतिशत वार्षिक (आगामी हजार के पूर्णांक में)।

(iii) ऐसे विभाग, जिनमें उद्देश्य शीर्ष 64-वृहद निर्माण कार्य में कुल पूंजीगत बजट प्रावधान रूपये 50 करोड़ से अधिक परन्तु रूपये 1000 करोड से कम हो, उनमें बजट प्रावधान का 25 प्रतिशत वार्षिक(आगामी हजार के पूर्णांक में)।

(iv) ऐसे विभाग, जिनमें उद्देश्य शीर्ष 64-वृहद निर्माण कार्य में कुल पूंजीगत बजट प्रावधान रूपये 50 करोड़ से कम हो, उनमें बजट प्रावधान का 50 प्रतिशत वार्षिक (आगामी हजार के पूर्णांक में)।

बशर्ते :-

(i) जिन केन्द्र प्रवर्तित/केन्द्र क्षेत्रीय योजनाओं में भारत सरकार से राशि प्राप्त हो चुकी है एवं राज्य सरकार के अंशदान की संबंधित मद में आवश्यक राशि उपलब्ध नहीं है, तब आवश्यक राशि की सीमा तक ।

(ii) पुनर्विनियोजन के लिये विभाग में वित्तीय सलाहकार पदस्थ होने की स्थिति में वित्तीय सलाहकार का अभिमत प्राप्त किया जाये।

2.2. निम्नांकित विभागाध्यक्षों को उन्हें सौंपे गये बजट के संबंध में उप कंडिका 6.1 अंतर्गत संबंधित प्रशासकीय विभाग के पुनर्विनियोजन के अधिकार प्रदत्त किये जाते हैं:-

क्र	विभागाध्यक्ष	प्रशासकीय विभाग	टिप्पणी
1	राज्यपाल के प्रमुख सचिव/ सचिव	सामान्य प्रशासन	माननीय राज्यपाल के निर्देशों के अध्यधीन रहते हुये।
2	सचिव, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग	सामान्य प्रशासन	माननीय अध्यक्ष, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के निर्देशों के अध्यधीन रहते हुये।
3	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय	संसदीय कार्य	माननीय विधानसभा अध्यक्ष के निर्देशों के अध्यधीन रहते हुये।
4	रजिस्ट्रार जनरल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय	विधि एवं विधायी कार्य	माननीय मुख्य न्यायाधिपति के निर्देशों के अध्यधीन रहते हुये।
5	नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण	नर्मदा घाटी विकास	उपाध्यक्ष नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण

2.3. <u>बजट नियंत्रण अधिकारी</u> -

बजट नियंत्रण अधिकारी को निम्नांकित सीमाओं के अध्यधीन पुनर्विनियोजन के अधिकार होंगे :-

(i). समान सेगमेंट कोड में (सेगमेंट कोड का आशय सामान्य, अनुसूचित जनजाति उपंयोजना, अनुसूचित जाति उपयोजना, नाबार्ड वित्त पोषित, विदेशी सहायता वित्त पोषित, केन्द्र प्रवर्तित/केन्द्र क्षेत्रीय आदि से है, जो पृथक-पृथक सेगमेंट हैं)

(ii) वेतन मद संबंधी एक योजना से दूसरी योजना के अंतर्गत उद्देश्य शीर्ष 11,12,16,17,18 एवं 19 (विस्तृत शीर्ष 009, 025 को छोडकर) में पारस्परिक पुनर्विनियोजन के पूर्ण अधिकार।

(iii) यदि वित्त विभाग द्वारा नवीन वाहन क्रय अथवा वाहन प्रतिस्थापन मद में नवीन वाहन क्रय की अनुमति प्रदान कर दी गयी हो, तब ऐसी स्थिति में वित्त विभाग की अनुमति क्रमांक व दिनांक का उल्लेख करते हुये प्रशासकीय आदेश की प्रति IFMIS में अपलोड करने की शर्त पर वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत राशि के लिये शेष आवश्यक राशि का पुनर्विनियोजन।

(iv) ऐसी केन्द्र प्रवर्तित योजनायें, जिन्हें एस.एन.ए स्पर्श मॉडल पर ऑनबोर्ड किया गया हो अथवा किया जाना हो, उनमें राज्यांश के सेगमेंट कोड 0704, 0705 एवं 0706 से केन्द्रांश के सेगमेंट कोड क्रमशः0701,0702 एवं 0703 में पुनर्विनियोजन के पूर्ण अधिकार।

बशर्ते :-

विभागाध्यक्ष कार्यालय में पदस्थ वित्त अधिकारी का अभिमत प्राप्त किया जायेगा। वित्त अधिकारी पदस्थ न होने की स्थिति में प्रशासकीय विभाग के वित्तीय सलाहकार से अभिमत प्राप्त किया जायेगा। उपर्युक्त दोनों ही स्थितियों में वित्त अधिकारी पदस्थ न होने पर प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित किया जाये।

<u>सामान्य प्रतिबंध:-</u>

उपर्युक्त पैरा-2 के अधिकार निम्नांकित प्रतिबंधों के अध्यधीन उपयोग किये जायेंगे:-

3.1. राजस्व उद्ग्रहण से संबंधित व्यय शीर्षों (आरक्षित निधियां जैसे खनिज उपकर निधि, विद्युत विकास निधि आदि , जिनमें पूर्व वित्तीय वर्ष में संचित निधि में जमा राशियों को अगले वित्तीय वर्ष में लोक लेखा अंतर्गत संबंधित निधि, में अंतरण बजट से आहरित कर किया जाता है) में बचत होने पर किन्हीं ऐसे व्यय शीर्षों, जो राजस्व प्राप्ति से संबंधित नहीं है, में पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा। बजट नियंत्रण अधिकारी ऐसे समस्त व्यय शीर्षों की सूची आयुक्त, कोष एवं लेखा को उपलब्ध करायेगा जो राजस्व उद्ग्रहण से सबंधित हैं।

3.2. स्थापना तथा अनिवार्य व्यय के प्रावधानों, नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को समनुदेशन या अंतरण, केन्द्र क्षेत्रीय (सेगमेंट कोड 0801, 0802 एवं 0803)/ केन्द्र प्रवर्तित (सेगमेंट कोड 0701 से 0712 तक) योजनाओं (Centrally Sector / Centrally Sponsored Schemes) एवं बाह्य वित्त पोषित (Externally Aided) योजनाओं, अन्य संस्थाओं से ऋण (नाबार्ड इत्यादि) से

संबंधित किसी योजना में प्रावधानित राशि का अन्य योजनाओं में पुनर्विनियोजन नहीं होगा।

3.3. प्रशासकीय विभाग की किसी मांग संख्या के अंतर्गत एक या एक से अधिक विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारियों के मध्य में पुनर्विनियोजन किया जाना है तो तत्संबंधी मांग संख्या के अंतर्गत पुनर्विनियोजन संबंधी आदेश जारी करने के पूर्व संबंधित बजट नियंत्रण अधिकारियों की सहमति प्राप्त की जाये।

3.4. जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग संबंधी अनुदानों में उच्चंत शीर्ष (Suspense Head) के अधीन व्यय के लिये आवंटित निधियों का पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा।

3.5. किसी भी योजना शीर्ष (Scheme Code) के अंतर्गत एक वित्तीय वर्ष में एक ही बार पुनर्विनियोजन किया जा सकेगा। बशर्ते उस शीर्ष की बचत से पुनर्विनियोजन तभी किया जाये, जब पुनर्विनियोजन पश्चात उसी शीर्ष में पुन: पुनर्विनियोजन या अनुपूरक अनुमान/ मांग के माध्यम से अतिरिक्त प्रावधान की आवश्यकता नहीं हो।

3.5.1 वित्तीय वर्ष में एक ही बार एक योजना शीर्ष से दूसरे योजना शीर्ष में पुनर्विनियोजन किया जा सकेगा।

3.5.2 एक योजना के विभिन्न उद्देश्य शीर्षों में पारस्परिक पुनर्विनियोजन पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

3.6. मजदूरी (#12-000), पेंशन (#13), कार्यालय व्यय (#22), व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां (#31), परीक्षा एवं प्रशिक्षण (#24) एवं "अंतरलेखा अंतरण" (#73) के उद्देश्य शीर्षों से अन्य उद्देश्य शीर्षों में पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा ।

3.7. विस्तृत शीर्ष "कार्यालय फर्नीचर का क्रय", "नवीन वाहन का क्रय", " वाहन का प्रतिस्थापन", "चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति", "अन्य आकस्मिक व्यय" एवं "अन्य प्रभार", मद में पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा ।

3.8. जिन व्यय मदों के विरुद्ध पुनर्प्राप्तियाँ (जिनमें उद्देश्य शीर्ष 74 में बजट रखा गया हो) प्रावधानित हैं, उनकी बचत का अन्य व्यय मदों में पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा ।

4. <u>शिथिलीकरण :-</u>

उपरोक्त कंडिका 2 व 3 में किसी भी शर्त का शिथिलीकरण वित्त विभाग की सहमति से किया जा सकेगा। शिथिलीकरण के लिये विभाग IFMIS के माध्यम से

ऑनलाईन प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित करेगा एवं जारी किये जा रहे आदेश में वित्त विभाग की सहमति का क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख अनिवार्य रूप से करना होगा।

5. <u>अन्य निर्देश:-</u>

5.1. मूल बजट अनुमान में पुनर्विनियोजन से प्राप्त/कम की गई तथा अनुपूरक अनुमान से प्राप्त राशि सम्मिलित नहीं होंगी।

5.2. पुनर्विनियोजन प्रस्ताव तथा स्वीकृति के आदेश में बजट नियंत्रण अधिकारी तथा वित्तीय सलाहकार के द्वारा निम्नांकित प्रमाण पत्र अंकित किया जायेगा :-

"प्रमाणित किया जाता है कि :-

i. वित्त विभाग के परिपत्र क्र.....दिनांक.....की कंडिका-1 अनुसार उक्त पुनर्विनियोजन प्रतिबंधित श्रेणी में नहीं आता है।

ii. वित्त विभाग द्वारा निर्धारित किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया गया है/ वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक .....की कंडिका ..... की शिथिलता का अनुरोध है।

iii. उक्त परिपत्र की कंडिका 2 अथवा 3 को शिथिल करने के संबंध में वित्त विभाग से आवश्यक सहमति (यदि लागू हो) वित्त विभाग के यू.ओ.क्र.....दिनांक..... द्वारा प्राप्त की गई है।"

6. <u>बचतों का समर्पण</u>

6.1. समस्त समर्पण उस वित्तीय वर्ष में यथासंभव 15 जनवरी के पूर्व कर लिये जायें ताकि वित्त विभाग उपलब्ध संसाधनों का अन्यत्र उपयोग कर सके।

6.2. समस्त पुनर्विनियोजन/ समर्पण IFMIS के माध्यम से ऑनलाईन किये जायेंगे। इस संबंध में जारी आदेशों की प्रति वित्त विभाग, आयुक्त कोष एवं लेखा तथा महालेखाकार म.प्र. ग्वालियर/भोपाल को पृष्ठांकित की जायेंगी।

6.3. दिनांक 31 मार्च को शेष राशि IFMIS से स्वयमेव व्यपगत होगी। अतः इस तिथि के पश्चात समर्पण आदेश जारी किये जाने की आवश्यकता नहीं है।

6.4. वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर प्रशासकीय विभाग समस्त संसूचनाएं एकजाई कर 15 अप्रैल तक महालेखाकार को ई-मेल से उपलब्ध करायेंगे तथा आवश्यकतानुसार आंकड़ों के मिलान की कार्यवाही जून माह तक पूर्ण करेंगे।

7. <u>उपरोक्त सभी निर्देशों का पालन कराने का दायित्व संबंधित प्रशासकीय विभाग का होगा।</u>

8. <u>यह निर्देश, दिनांक 01 अप्रैल, 2025 से प्रभावशील होंगे।</u>

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से

तथा आदेशानुसार

(मनीष रस्तोगी)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग

पृ० क्रमांक 417/आर-421/2013/ब-1/चार भोपाल, दिनांक 27 / 03/ 2025

प्रतिलिपि:-

1) राज्यपाल, मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव, राजभवन, भोपाल ।
2) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा, भोपाल।
3) निबंधक, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर।
4) प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, भोपाल ।
5) सचिव, लोक सेवा आयोग, इन्दौर।
6) सचिव, लोक आयुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल।
7) महाधिवक्ता,/उपमहाधिवक्ता, मध्यप्रदेश भोपाल/इंदौर/ग्वालियर।
8) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी/आडिट) 1/2 म०प्र० ग्वालियर/भोपाल।
9) आयुक्त, जनसंपर्क, संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
10) मुख्य सचिव के स्टॉफ ऑफिसर, म०प्र० मंत्रालय, भोपाल।
11) समस्त सचिव / संचालक बजट / अपर सचिव / उप सचिव / अवर सचिव / परामर्शी एवं समस्त शाखा, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल ।
12) आयुक्त कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश, भोपाल ।
13) समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, मध्यप्रदेश।
14) समस्त कोषालय अधिकारी, मध्यप्रदेश।
15) समस्त प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण शाला, मध्यप्रदेश।
की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।
16) संचालनालय, वित्तीय प्रबंध सूचना प्रणाली, भोपाल को वित्त विभाग की वेबसाईट www.finance.mp.gov.in पर अपलोड करने हेतु ।

(रूपेश कुमार पठवार)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग

मध्यप्रदेश शासन
वित्त विभाग
मंत्रालय

क्रमांक मअ/शा.पूंजी.नि./1/मंविमं/2025 / १५२२ भोपाल, दिनांक 27 मार्च, 2025

प्रति,

1. शासन के समस्त विभाग
   अध्यक्ष, राजस्व मण्डल,
   समस्त विभागाध्यक्ष,
   समस्त संभागायुक्त,
   समस्त बजट नियंत्रण अधिकारी,
2. राज्य शासन के समस्त
   निकाय/निगम/मण्डल/बोर्ड/उपक्रम/विश्वविद्यालय

विषय:- राज्य शासन के निकाय/निगम/मण्डल/बोर्ड/उपक्रम/विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध कोष का बैंकों में विनियोजन संबंधी मार्गदर्शी अनुदेश।

संदर्भ:- वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक मअ/शा.पूंजी.नि./1/मंविमं/2015/3240 दिनांक 31.10.2015 एवं क्रमांक मअ/शा.पूंजी.नि./1/मंविमं/2015/3296 दिनांक 07.11.2015

---00---

राज्य शासन के विभिन्न निकाय/निगम/मण्डल/उपक्रम/बोर्ड/विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध कोष का विनियोजन बैंकों में किये जाने संबंधी उपरोक्त सन्दर्भित परिपत्रों को अधिक्रमित करते हुए नवीन मार्गदर्शी अनुदेश निम्नानुसार जारी किए जाते हैं।

इन अनुदेशों की परिधि से स्थानीय स्वायत्तशासी शहरी एवं ग्रामीण निकाय/निगम (ग्राम पंचायत / जनपद पंचायत / जिला पंचायत एवं नगर परिषद / नगर पालिका / नगर निगम) मुक्त रहेंगे |

शासन से अनुदान प्राप्त स्वायत्तशासी शासकीय विश्वविद्यालयों पर यह अनुदेश लागू होंगे |

1. **उद्देश्य**

शासन के समस्त निकाय/निगम/मण्डल/बोर्ड/उपक्रम/विश्वविद्यालय के कोष की सुरक्षा, वार्षिक साख योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रोत्साहन, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों (Priority Sector) में अधिकाधिक वित्त पोषण, बैंकों के माध्यम से संचालित ऋण आधारित हितग्राही मूलक योजनाओं में उपलब्धि, वित्तीय समावेशन (financial inclusion) के माध्यम से अधिकाधिक पहुँच एवं लोक धन की सुरक्षा तथा अभिवृद्धि के दृष्टिगत प्रतियोगी दरों पर अधिकतम ब्याज प्राप्ति की सुनिश्चितता के आधार पर विनियोजन किया जाना है।

2. **कोष**

"कोष" का आशय संस्थान के परिचालन व्यय, करों के भुगतान, कार्यशील पूंजी, ऋण सेवा, पूंजीगत अधिशेष, पूंजीगत व्यय, व्यवसायिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उपलब्ध धनराशि से है |

3. बैंक

3.1 बैंक का आशय भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 42(6) के खण्ड (अ) की दूसरी अनुसूची में शामिल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/सहकारी बैंक (वर्तमान सूची परिशिष्ट – 1 पर) है | इस परिधि से नागरिक सहकारी बैंकों को बाहर रखा जायेगा।

3.2 राज्य शासन की अंशधारिता होने के कारण प्रदेश में कार्यरत म.प्र. राज्य सहकारी बैंक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को कोष के विनियोजन में प्राथमिकता दी जाए ।

4. सक्षम अधिकारी

सक्षम अधिकारी से आशय संबंधित संस्थान के नियमों/निर्देशों के अन्तर्गत विनियोजन के निर्णय हेतु नियत सक्षम स्तर।

5. कोष के विनियोजन हेतु मार्गदर्शी अनुदेश

5.1 कोष का सावधि जमा हेतु विनियोजन यथा संभव न्यूनतम एक वर्ष या राशि के व्यय के आंकलन की तिथि जो भी पूर्वतर हो, के लिए किया जाए।

5.2 कोष का विनियोजन, संस्थान द्वारा लिए जा रहे ऋण की औसत ब्याज दर से अधिक ब्याज दर पर हो।

5.3 कोष का विनियोजन म्युचुअल फण्ड अथवा गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों में नही होना चाहिए।

5.4 कोष का विनियोजन, सक्षम प्राधिकारी के निर्णय से ही किया जाए।

5.5 निकाय/निगम/मण्डल/उपक्रम/बोर्ड/विश्वविद्यालय के बैंक खाते (वचत/चालू) कोष की सुरक्षा की दृष्टि से परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको में ही संधारित किया जाए | नवीन वचत खाना खोले जाने हेतु पारदर्शी प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया अपनाई जायेगी |

5.5.1 नवीन वचत खाना खोलने के लिए परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित सभी बैंको से प्रस्ताव आमंत्रित किये जायेंगे तथा प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु न्यूनतम 15 दिवस का समय दिया जायेगा | विशेष परिस्थितियों में कारण दर्शित करते हुए समय सीमा को 7 दिवस तक सीमित किया जा सकेगा |

5.5.2 प्राप्त प्रस्तावों में से सर्वाधिक ब्याज दर प्रदाय करने वाले बैंक का चयन नवीन बैंक खाते खोले जाने हेतु किया जायेगा |

5.6 निकाय/निगम/मण्डल/उपक्रम/बोर्ड/विश्वविद्यालय के कोष की न्यूनतम 50 प्रतिशत राशि को सावधि जमा के रूप में परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको में विनियोजन किया जाना अनिवार्य होगा |

5.7 कोष का सावधि जमा में विनियोजन बैंको के मध्य प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर अधिकतम ब्याज दर पर किया जायेगा | इस हेतु विंदु 5.5 अनुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जायेगा |

5.8 वित्त विभाग द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं (CSS) की राशि एवं उनके उपयोग के अनुश्रवण की प्रक्रिया के संबंध में वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक 539/आर-915/2020/व-1/चार

दिनांक 18.06.2021 के बिन्दु क्रमांक 3.3 के अनुक्रम में सिंगल नोडल एजेंसी (SNA) एवं क्रियान्वयन एजेंसी (IA) से संबंधित खाते परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको (सहकारी बैंक एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको को छोड़कर) में ही परिचालित किये जा सकेंगे |

यदि किसी भी संस्था द्वारा पूर्व में सिंगल नोडल एजेंसी (SNA) एवं क्रियान्वयन एजेंसी (IA) से संबंधित खाते परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको (सहकारी बैंक एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको को छोड़कर) के अतिरिक्त अन्य बैंको में खोले गये हैं तो ऐसे खातों को 30 अप्रैल 2025 के पूर्व स्थानांतरित किया जाए |

6. <u>परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको में निवेशित सावधि जमा राशि हेतु न्यूनतम राशि की गणना</u>

परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको में सावधि जमा न्यूनतम 50 प्रतिशत निवेशित राशि की गणना निकाय/निगम/मण्डल/उपक्रम/बोर्ड/विश्वविद्यालय के बैंकों में संधारित खातों की कुल सावधि जमा राशि के आधार पर की जायेगी | जिस माह में उल्लेखित संस्थाओं द्वारा राशि निवेश का निर्णय लिया जाना है, उस माह की प्रथम तारीख को सावधि जमा की राशि की गणना की जायेगी | निवेश के उपरांत भी परिशिष्ट -1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको में सावधि जमा राशि का न्यूनतम 50 प्रतिशत का पालन किया जाना अनिवार्य होगा |

उदाहरण:- यदि, निकाय/निगम/मण्डल/उपक्रम/बोर्ड/विश्वविद्यालय के कोष की सावधि जमा कुल राशि माह की 1 तारीख को रू. 100 करोड़ है :-

(अ) सावधि जमा राशि — रू. 100 करोड़

(ब) परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको में न्यूनतम विनियोजन योग्य राशि — रू. 100 x 50% = $\frac{100 \times 50}{100}$ = रू. 50 करोड़

7. <u>निजी क्षेत्र की बैंको में निवेश</u>

7.1 उपलब्ध कोष को कंडिका (6) के अनुसार विनियोजित राशि के उपरान्त शेष राशि को निजी क्षेत्र के बैंकों में विनियोजित किया जा सकेगा, बशर्ते उनकी ब्याज दर परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको की ब्याज दर से अधिक हो |

7.2 उपरोक्त 7.1 के लिए अनुमन्य निजी क्षेत्र के बैंकों की सूची (परिशिष्ट-3) में सम्मलित किये जाने हेतु मापदण्ड परिशिष्ट-2 के अनुसार होंगे |

7.3 वित्तीय वर्ष 23-24 के आधार पर वित्तीय वर्ष 24-25 हेतु अनुमन्य निजी बैंको की सूची परिशिष्ट 3 पर है | परिशिष्ट-3 में अंकित निजी बैंकों में कोष का विनियोजन हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाई जायेगी :

a) परिशिष्ट 1 एवं 3 में अंकित सभी बैंको से प्रस्ताव आमंत्रित किये जायेंगे तथा प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु न्यूनतम 15 दिवस का समय दिया जायेगा | विशेष परिस्थितियों के आधार पर कारण दर्शित करते हुए समय सीमा को 7 दिवस तक सीमित किया जा सकेगा |

b) बैंको मे प्राप्त ब्याज दर प्रस्तावों में से सर्वाधिक ब्याज दर प्रदाय करने वाले बैंक में राशि का विनियोजन किया जा सकेगा | यह भी स्पष्ट किया जाता है कि ब्याज दर के आमंत्रण में परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको की ब्याज दर निजी क्षेत्र के बैंको की ब्याज दर मे अधिक प्राप्त होने पर उक्त राशि का भी विनियोजन परिशिष्ट-1 पर संलग्न सूची में सम्मलित बैंको में किया जायेगा |

8. <u>निर्वचन तथा समाधान</u>

योजना के क्रियान्वयन में आने वाली किसी समस्या के समाधान हेतु राज्य शासन के अनुमोदन से आयुक्त, संस्थागत वित्त, म.प्र. द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किये जा सकेंगे |

9. <u>प्रभावशीलता</u>

9.1 यह अनुदेश पत्र के जारी होने की दिनांक से प्रभावशील होंगे |

9.2 परिशिष्ट-2 अनुसार निजी बैंकों की सूची (परिशिष्ट-3) प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर प्रकाशित आंकडों के आधार पर सामान्यतः अगस्त माह में अद्यतन कर प्रकाशित की जायेगी | सूची के प्रकाशन तक, पूर्व वित्तीय वर्ष की सूची को निरंतर माना जायेगा |

9.3 कोप विनियोजन सम्बन्धी उक्त निर्देशों का उल्लंघन वित्तीय अनियमितता माना जायेगा |

10. इन मार्गदर्शी निर्देशों का पालन कराने का दायित्व संबंधित प्रशासकीय विभाग एवं बजट नियंत्रण अधिकारी का होगा |

म.प्र. के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग

पृष्ठांकन क्रमांक सअ/शा.पूंजी.नि./1/संविसं/2025/8523 भोपाल, दिनांक 21 मार्च, 2025

प्रतिलिपि :-

1. राज्यपाल मध्यप्रदेश के सचिव, राजभवन, भोपाल
2. अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, भोपाल
3. मुख्य सचिव के स्टाफ ऑफिसर, मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल
4. निज सचिव / निज सहायक, मान. वित्त मंत्रीजी, मध्यप्रदेश शासन भोपाल
5. निज सचिव, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग
6. निज सचिव, सचिव, वित्त विभाग
7. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा, भोपाल
8. निज सचिव, अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग
9. निबंधक, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
10. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी/आडिट) 1/2 मध्यप्रदेश ग्वालियर / भोपाल
11. आयुक्त, कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश, भोपाल
12. आयुक्त सह पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश, भोपाल
13. संचालक, वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली मंत्रालय, भोपाल
14. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश
15. समस्त अपर सचिव / उप सचिव अवर सचिव परामर्शी / अनुभाग अधिकारी, वित्त विभाग
16. संचालक पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा मध्यप्रदेश भोपाल
17. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा, मध्यप्रदेश
18. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मध्यप्रदेश
19. क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल
20. मुख्य महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल
21. संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, मध्यप्रदेश, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, भोपाल
22. समस्त राज्य स्तरीय प्रमुख, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक / निजी क्षेत्र के बैंक / स्माल फाइनेंस बैंक / क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, मध्यप्रदेश
23. प्रबन्ध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मार्यादित, प्रधान कार्यालय, भोपाल
24. समस्त अग्रणी जिला प्रबन्धक, मध्यप्रदेश
25. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
26. गार्ड फाइल

(राधेश्याम बघेल)
अवर सचिव
म.प्र.शासन,वित्त विभाग

परिशिष्ट- 1

Sr. No.	List of Banks
I	**Public Sector Banks**
I.a.	**Lead Bank Responsibility**
1	State Bank of India
2	Bank of Baroda
3	Bank of India
4	Central Bank of India
5	Indian Bank
6	Punjab National Bank
7	Union Bank of India
I.b.	**Non-Lead Bank Responsibility**
8	Bank of Maharashtra
9	Canara Bank
10	Indian Overseas Bank
11	Punjab & Sind Bank
12	UCO Bank
II	**Regional Rural Bank**
13	Madhya pradesh Gramin Bank
14	Madhyanchal Gramin Bank
III	**Cooperative Bank**
15	M.P. State Cooperative Bank Ltd. Bhopal
16	District Cooperative Central Bank Limited

(राधेश्याम बघेल)
अवर सचिव
म.प्र.शासन, वित्त विभाग

परिशिष्ट-2

निजी क्षेत्र एवं स्माल फाइनेंस बैंक की वरीयता सूची तैयार किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष में बैंक का प्रदर्शन एवं उस आधार पर आवंटित किये जाने वाले अंकों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	विवरण	निर्धारित अंक	आंकड़ों का स्त्रोत
1	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत वार्षिक साख योजना में लक्ष्य के विरूद्ध में राशि वितरण (Disbursement Amount against Annual Credit Plan Target Under Priority Sector)	0.5	राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति
2	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत वार्षिक साख योजना में लक्ष्य के विरूद्ध प्रतिशत वितरण (Disbursement Percent against Annual Credit Plan Target Under Priority Sector)	2	
3	शासन द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाओं में लक्ष्य विरूद्ध प्राप्ति प्रतिशत (Achievement percentage against target in government sponsored loan schemes)	2	
4	राज्य में ग्रामीण, अर्द्ध शहरी शाखाओं की संख्या (Rural, Semi-Urban Bank Branches in the state)	2	
5	राज्य में एटीएम की संख्या (No. of ATM in State)	0.5	
6	पूंजी से जोखिम (भारित) संपत्ति अनुपात (Capital to Risk Weighted Assets Ratio)	1	इंडियन बैंक एसोशिएशन
7	बैंक में जमा राशि (Deposit)	0.5	
8	साख जमा अनुपात (Credit Deposit Ratio)	1.5	
	कुल अंक (Total Marks)	10	

इंडियन बैंक एसोशिएशन एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर प्रकाशित किये जाने वाले आंकड़ों में उच्चतम प्रदर्शन को आधार माना जायेगा एवं उससे तुलनात्मक रूप से गणना कर अन्य बैंकों को आनुपातिक अंक प्रदाय किये जायेंगे।

उपरोक्त आधार पर समस्त निजी एवं स्मॉल फाइनेंस बैंक को अंक प्रदाय किये जाकर वरीयता सूची तैयार की जायेगी। इस सूची में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम प्राप्त अंक 3.5 एवं इससे अधिक अंक प्राप्त किये जाने वाली बैंको को परिशिष्ट 3 अनुसार सूची में सम्मिलित किया जा सकेगा।

यह सूची प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर प्रकाशित होने वाले आंकड़ों के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष के अगस्त माह तक अद्यतन कर प्रकाशित की जायेगी।

परिशिष्ट- 3

वित्तीय वर्ष 23-24 के वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर वित्तीय वर्ष 24-25 हेतु अनुमत्य निजी बैंको की सूची	
I	**Private Sector Bank**
1	HDFC Bank Ltd.
2	ICICI Bank Ltd.
3	Axis Bank Ltd.
4	Bandhan Bank
5	IDBI Ltd.
6	Kotak Mahindra Bank Ltd.
7	IDFC First Bank Ltd.
8	Indusind Bank Ltd.

(राधेश्याम बघेल)
अवर सचिव
म.प्र.शासन, वित्त विभाग

मध्यप्रदेश शासन
वित्त विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक 495 /आर-329/चार/ब-1/2021 भोपाल, दिनांक 9 अप्रैल, 2025

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
मध्यप्रदेश,
शासन के समस्त विभागाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश।

विषय :- लोक वित्त से वित्त पोषित कार्यक्रम (योजना) एवं इन कार्यक्रमों (योजनाओं) अन्तर्गत आने वाली परियोजनाओं/कार्यों के परीक्षण तथा प्रशासकीय अनुमोदन की प्रक्रिया।

संदर्भ :- 1- मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग का परिपत्र क्रमांक आर-345/1703/2012/चार/ब-1 भोपाल दिनांक 31-03-2017
2- मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग का परिपत्र क्रमांक 1049/आर-1703/11/चार भोपाल दिनांक 30-08-2024

---000---

राज्य शासन के वित्तीय संसाधन, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर गठित वित्त आयोग की अनुशंसाओं एवं उन अनुशंसाओं के अनुक्रम में भारत सरकार द्वारा विचारोपरान्त लिये गए निर्णयों अनुसार देय अनुदानों तथा स्वयं के राजस्व के अनुमान के आधार पर आकलित किये जाते हैं। संदर्भित परिपत्र क्रमांक-1 द्वारा लोक वित्त से वित्त पोषित कार्यक्रम (योजना) एवं योजना अन्तर्गत आने वाली परियोजनाओं/कार्यों के परीक्षण तथा प्रशासकीय अनुमोदन की प्रक्रिया के संबंध में जारी किये गये दिशा-निर्देशों को अधिक्रमित करते हुये विषयांकित उद्देश्यों के लिये निम्नानुसार प्रकिया निर्धारित की जाती है :-

1. <u>कार्यक्रम (योजना) तथा कार्यक्रम (योजना) अंतर्गत परियोजना / कार्य से आशय</u> :-

1.1 "कार्यक्रम (योजना)" का आशय ऐसे व्यय प्रस्ताव से है जो एक निश्चित/दीर्घ अवधि तक लागू किया जाना हो तथा कार्यक्रम(योजना) से प्राप्त होने वाले

परिणामों के लिये लक्ष्य निर्धारित किये जाने हों। एक कार्यक्रम (योजना) के अंतर्गत परियोजनाओं/कार्यों की संख्या एक अथवा एक से अधिक हो सकती है।

1.2 "परियोजना/कार्य " का आशय ऐसे व्यय प्रस्ताव से है, जो किसी एक कार्यक्रम (योजना) के अंतर्गत निश्चित परिणामों को प्राप्त करने के लिए किया जाना हो । कार्यक्रम (योजना) के अंतर्गत परियोजना/कार्य के वित्त पोषण की व्यवस्था बजट के माध्यम से "बजटीय योजना" मद (शीर्ष) के अंतर्गत की जाती है। सामान्यतः बजटीय योजना का नाम, कार्यक्रम (योजना) के समान ही होता है, परन्तु अपवाद स्वरूप यह भिन्न भी हो सकते हैं।

1.3 कार्यक्रमों (योजनाओं) तथा परियोजनाओं/कार्यों के परीक्षण के समय वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता,उपलब्धता एवं अवधि का आकलन सामान्यत: केन्द्रीय वित्त आयोग की अवधि या उससे कम अवधि के लिये ही प्रस्तावित किया जाना चाहिए ताकि वित्त पोषण में कठिनाई न हो।

2. <u>नवीन कार्यक्रम (योजना) के लिए मंत्रि परिषद की सैद्धांतिक सहमति की आवश्यकता :-</u>

2.1 बजटीय व्यय सुनियोजित तरीके से करने के लिये राज्य में कोई भी नवीन कार्यक्रम (योजना) प्रारंभ किये जाने के लिए मंत्रि-परिषद की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा। भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी/जा रही नवीन कार्यक्रम (योजना) में भी, सर्वप्रथम, प्रशासकीय विभाग को इस कंडिका अनुसार, नवीन कार्यक्रम (योजना) को राज्य में लागू किये जाने के लिए मंत्रि परिषद की सैद्धांतिक सहमति की आवश्यकता होगी।

2.2 प्रशासकीय विभाग, ऐसे नवीन कार्यक्रम (योजना) के मूल उद्देश्य, उसकी आवश्यकता, उससे प्राप्त होने वाले लाभ तथा उसके लिये आवश्यक वित्तीय संसाधन की जानकारी का समावेश करते हुये विचाराधीन नवीन कार्यक्रम (योजना) को **परिशिष्ट-1** में तैयार करेंगे। कार्यक्रम (योजना) अंतर्गत सैद्धांतिक सहमति के स्तर पर परियोजनाओं का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन आवश्यक नहीं होगा। मंत्रि-परिषद की संक्षेपिका के विवरण में कार्यक्रम (योजना) में आने वाले संभावित व्यय का उल्लेख किया जाये परन्तु मंत्रि-परिषद निर्णय के प्रारूप में नवीन कार्यक्रम (योजना) की केवल सैध्दांतिक सहमति प्राप्त की जाये।

2.3 मंत्रि-परिषद से सैद्धांतिक सहमति के उपरांत प्रशासकीय विभाग आदेश जारी कर आईएफएमआईएस में अपलोड करेगा।

2.4 किसी भी नवीन परियोजना/कार्य के लिए **कंडिका-3,** कंडिका-4, **कंडिका-5 या कंडिका-9** की कार्यवाही तब तक नहीं की जा सकेगी जब तक इस कंडिका अनुसार, नवीन कार्यक्रम (योजना) को राज्य में लागू किये जाने के लिए मंत्रि-परिषद की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त न कर ली गयी हो।

3. <u>कार्यक्रम (योजना) अंतर्गत पूंजीगत व्यय से संबंधित नवीन परियोजना/कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति की प्रक्रिया :-</u>

3.1 कार्यक्रम (योजना) में प्रस्तावित प्रत्येक नवीन परियोजना/कार्य की अनुमानित लागत का विस्तृत परीक्षण निम्नांकित समिति जिसे लागत **परीक्षण समिति** कहा जायेगा, द्वारा किया जाकर अनुमानित व्यय का आंकलन किया जायेगा। यह आंकलन विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के आधार पर ही किया जाये। समिति के समक्ष परियोजना प्रस्ताव के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी तकनीकी स्वीकृति भी प्रस्तुत की जाये :-

1. संबंधित विभागाध्यक्ष,
2. निर्माण एजेंसी के संबंधित विभागाध्यक्ष (शासकीय विभाग होने के स्थिति में) /प्रबंध संचालक/परियोजना निदेशक,
3. तकनीकी स्वीकृति देने वाले विभाग का विभागाध्यक्ष अथवा कार्यपालन यंत्री स्तर से अन्यून प्रतिनिधि,
4. विभाग/विभागाध्यक्ष कार्यालय के वित्तीय सलाहकार/वित्त अधिकारी,
5. अन्य, जिसे विभागाध्यक्ष आवश्यक समझे।

<u>टीप-</u> **लागत परीक्षण समिति द्वारा बैठक के कार्यवाही विवरण में परियोजना की लागत के आधार/औचित्य का स्पष्ट उल्लेख किया जाये तथा परियोजना की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति की स्थिति में लागत में वृद्धि के कारणों को स्पष्ट करते हुए आधार/औचित्य का अवश्य उल्लेख किया जाये।**

3.2 कार्यक्रम (योजना) के अंतर्गत पूंजीगत व्यय संबंधी प्रत्येक नवीन परियोजना का परीक्षण/अनुशंसा निम्नांकित वित्तीय समितियों से (निर्धारित सीमा अनुसार) कराया जाना आवश्यक होगा। सक्षम वित्तीय समिति से अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु जानकारी **परिशिष्ट-2** में तैयार की जाये :-

1. स्थायी वित्तीय समिति (Standing Finance Committee)

2. वित्तीय व्यय समिति (Expenditure Finance Committee)

3. परियोजना परीक्षण समिति (Project Screening Committee)

उपर्युक्त समितियों के अध्यक्ष, सदस्य तथा वित्तीय अधिकार निम्नानुसार होंगे :-

क्र.	समिति का नाम	समिति के अध्यक्ष	समिति के सदस्य	परियोजना/कार्य के लिए व्यय के अनुशंसा की सीमा	प्रशासकीय अनुमोदन हेतु सक्षम प्राधिकारी
1.	स्थायी वित्तीय समिति (Standing Finance Committee)	प्रशासकीय विभाग के भारसाधक सचिव	1. सचिव, वित्त विभाग, अथवा प्रतिनिधि 2. विभागाध्यक्ष 3. भारसाधक सचिव, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग 4. भारसाधक सचिव, जनजातीय कार्य 5.भारसाधक सचिव, अनुसूचित जाति कल्याण	₹ 50.00 करोड़ तक	विभागीय भारसाधक मंत्री जी द्वारा अनुमोदन
2.	वित्तीय व्यय समिति (Expenditure Finance Committee)	भारसाधक सचिव, वित्त विभाग	1. विभागीय भारसाधक सचिव 2. सचिव वित्त विभाग (संबंधित विभाग का कार्य देखने वाले सचिव) 3. विभागाध्यक्ष 4. भारसाधक सचिव, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग 5. भारसाधक सचिव, जनजातीय कार्य 6.भारसाधक सचिव, अनुसूचित जाति कल्याण	₹ 50.00 करोड़ से अधिक एवं ₹ 200.00 करोड़ तक	समिति की अनुशंसा पर विभागीय मंत्रीजी के अनुमोदन के पश्चात वित्त मंत्रीजी का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।
3.	परियोजना परीक्षण समिति (Project Screening Committee)	मुख्य सचिव	1. विभागीय भारसाधक, सचिव 2.भारसाधक सचिव, वित्त विभाग 3.विभागाध्यक्ष 4. भारसाधक सचिव, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग 5. भारसाधक सचिव, जनजातीय कार्य 6.भारसाधक सचिव, अनुसूचित जाति कल्याण	₹ 200.00 करोड़ से अधिक एवं सभी ऐसे परियोजना/कार्य जिनमें नियमित / संविदा पद सृजन शामिल हो।	1. परियोजना परीक्षण समिति के अनुमोदन के पश्चात् मंत्रि-परिषद संप्रेषिका अभिमत के लिये वित्त विभाग को प्रेषित की जायेगी। 2. मंत्रि-परिषद का अनुमोदन आवश्यक होगा।

टीप- किसी एक परियोजना/कार्य की कुल लागत या ईकाई की राशि के अनुसार ही सक्षम वित्तीय समिति से अनुमोदन की कार्यवाही की जाये।

4. कार्यक्रम (योजना) अंतर्गत सिर्फ राजस्व व्यय से संबंधित नवीन परियोजना/कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति की प्रक्रिया :-

सिर्फ राजस्व व्यय से संबंधित नवीन परियोजना/कार्य का परीक्षण/अनुशंसा निम्नांकित वित्तीय समितियों से कराया जाना आवश्यक होगा। सक्षम वित्तीय समिति से अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु जानकारी परिशिष्ट- 2 में तैयार की जाये :-

1. राजस्व वित्तीय व्यय समिति (Revenue Expenditure Finance Committee)
2. राजस्व परियोजना परीक्षण समिति (Revenue Project Screening Committee)

उपर्युक्त समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा वित्तीय अधिकार निम्नानुसार होंगे :-

क्र.	समिति का नाम	समिति के अध्यक्ष	समिति के सदस्य	परियोजना/कार्य के लिए व्यय के अनुशंसा की सीमा	प्रशासकीय अनुमोदन हेतु सक्षम प्राधिकारी
1.	राजस्व वित्तीय व्यय समिति (Revenue Expenditure Finance Committee)	भारसाधक सचिव, वित्त विभाग	1. विभागीय भारसाधक सचिव 2. सचिव वित्त विभाग (संबंधित विभाग का कार्य देखने वाले सचिव) 3. विभागाध्यक्ष 4. भारसाधक सचिव, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग 5. भारसाधक सचिव, जनजातीय कार्य 6.भारसाधक सचिव, अनुसूचित जाति कल्याण	₹ 100.00 करोड़ तक	समिति की अनुशंसा पर विभागीय भारसाधक मंत्री जी के अनुमोदन के पश्चात वित्त मंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।
3.	राजस्व परियोजना परीक्षण समिति (Revenue Project Screening Committee)	मुख्य सचिव	1. विभागीय भारसाधक सचिव 2.भारसाधक सचिव वित्त विभाग 3.विभागाध्यक्ष 4. भारसाधक सचिव, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग 5. भारसाधक सचिव, जनजातीय कार्य 6.भारसाधक सचिव, अनुसूचित जाति कल्याण	₹ 100.00 करोड़ से अधिक एवं सभी ऐसे परियोजना /कार्य जिनमें नियमित /संविदा पद सृजन शामिल हो।	1. परियोजना परीक्षण समिति के अनुमोदन के पश्चात् मंत्रि-परिषद संक्षेपिका अभिमत के लिये वित्त विभाग को प्रेषित की जायेगी। 2. मंत्रि-परिषद का अनुमोदन आवश्यक होगा।

